आज़ादी का अमृत महोत्सव

सत्यमेव जयते

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय नगरपरिषद नीमकाथाना (राज0)

E-mail – neemkathana.jaipur@yahoo.com Ph. No. 01574-230035

क्रमांक :न0प0नीम0 / 2024–25 / 1532 दिनांकः–16.07.2024

श्रीमान वरिष्ठ नगर नियोजक,

जयपुर जोन, जयपुर।

विषय :–नीमकाथाना मास्टर प्लान–2041 में ग्राम आगवाड़ी तहसील–नीमकाथाना के आबादी विस्तार हेतु आसपास के क्षेत्र में आवासीय, वाणिज्यिक एवं अन्य उपयोग तथा सिरोही ग्राम के बाहर से बाईपास प्रस्तावित करवाने बाबत्।

प्रसंग :–आपका पत्रांक टीपीआर 1120 / जेजेड / नीमकाथाना / पार्ट–II दिनांक 11.07.2024 के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित के क्रम में बिन्दुवार सूचना निम्नानुसार है :–

1. उक्त क्षेत्र का सर्वे पूर्व में मास्टर प्लान हेतु किये गये सर्वे में शामिल है तथा इस क्षेत्र की गूगल मानचित्र संलग्न है।
2. राजस्व ग्राम आगवाड़ी एवं सिरोही के मध्य से नीमकाथाना से जयपुर जाने वाली मुख्य सड़क गुजर रही है। उक्त सड़क के दोनों ओर वर्तमान में आवासीय एवं वाणिज्यिक गतिविधियां संचालित है एवं उक्त मुख्य सड़क के समानान्तर तीव्र गति से विकास हो रहा है तथा भविष्य में उक्त क्षेत्र में नीमकाथाना से जयपुर जाने वाली मुख्य सड़क होने से इसके दोनों ओर वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विकास की भावी संभावना है।
3. नीमकाथाना से जयुपर जाने वाली मुख्य सड़क एवं नीमकाथाना से कोटपूतली को जाने वाले बाईपास को लिंक किये जाने हेतु सड़क प्रस्तावित किया जाना उचित होगा।
4. वर्तमान में प्रभावी मास्टर प्लान–2031 में अंकित JK cement factory वाली भूमि पर फैक्ट्री प्रस्तावित किये जाने हेतु कोई परियोजना परिषद स्तर पर विचाराधीन नहीं है। उक्त क्षेत्र कस्बे के समीप स्थित होने से भविष्य में यहां पर औद्योगिक विकास के स्थान पर आवासीय एवं वाणिज्यिक विकास होने की प्रबल संभावना है।
5. नीमकाथाना से कोटपूतली को जाने वाली मुख्य सड़क पर राजकीय भूमि को प्रस्तावित योजना में सम्मिलित कर उक्त क्षेत्र तथा सड़क के दोनों ओर भविष्य में भावी विकास की संभावनाओं के दृष्टिगत भू–उपयोग योजना क्षेत्र में सम्मिलित किया जाना उचित होगा।

अतः ग्राम पंचायत आगवाड़ी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव एवं उक्त क्षेत्र में भावी विकास की संभावनाओं के दृष्टिगत भू–उपयोग योजना–2041 में उक्त क्षेत्र को सम्मिलित किया जाना उचित होगा।

RajKaj Ref
9014132

Signature Not Verified
Digitally signed by Suresh Kumar Meena
Designation : Commissioner
Date: 2024.07.16 18:28:11 IST
Reason: Approved

(सुरेश कुमार मीणा)
आयुक्त
नगरपरिषद नीमकाथाना